## रोहित धनखड़ हत्याकांड : खाप व पंचायत प्रतिनिधि डीजीपी से मिले

# डीजीपी ने गिरफ्तारी के लिए एसपी और आईजी को दिया एक सप्ताह

- डीजीपी ने कहा- गिरफ्तारी नहीं हुई तो आरोपियों को भगौड़ा घोषित कर संपत्ति की जाए कुर्क
- आईजी व एसपी को वीडियो कॉल कर कड़ा संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर और नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट रोहित धनखड़ हत्याकांड को लेकर राष्ट्रीय धनखड़ खाप के प्रतिनिधियों के साथ पीड़ित परिवार के सदस्यों ने हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह से मुलाकात की। इस दौरान डीजीपी ने आश्वासन दिया है कि सभी आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इतना ही नहीं उनकी संपत्ति भी कुर्क होगी। परिजनों का कहना है कि रोहित 28 नवंबर को भिवानी में दोस्त जतिन की बहन की ननद की शादी में उसके साथ कन्यादान देने गया था। जहां बाराती नशे की हालत में लड़कियों के साथ अभद्र भाषा और बदतमीजी कर रहे थे। रोहित ने आपत्ति की तो उन्होंने रंजिश बना ली। रोहतक वापस लौटते हुए 15-20 युवकों ने उसे घेरकर बुरी तरह मारा, जिससे उसकी मौत हो गई। बैठक में परिवार और पंचायत ने डीजीपी को बताया कि अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। डीजीपी ने परिवार की पूरी बात गंभीरता से सुनी और आश्वस्त किया कि इस मामले में अब किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

डीजीपी ओपी सिंह ने रोहतक के आईजी सिमरदीप सिंह, भिवानी के एसपी सुमित और वरिष्ठ अधिकारियों को वीडियो कॉल पर जोड़ा और उनसे सीधे सवाल किया कि घटना को इतने दिन बीत जाने के बावजूद अब तक एक भी आरोपी गिरफ्तार क्यों नहीं हुआ। भिवानी एसपी सुमित ने कहा कि पुलिस ने कई बार आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी है, लेकिन आरोपी लोकेशन बदल रहे हैं। डीजीपी ने आरोपियों के नाम एफआईआर में दर्ज हैं और अन्य 15 से 20 आरोपी इस घटना में शामिल बताए जा रहे हैं। उन्हें गिरफ्तार करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा।

डीजीपी ने इस समय-सीमा को परिवार और पंचायत के सामने स्पष्ट करते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर सभी मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई तुरंत शुरू की जाए और उन्हें पीओ (घोषित अपराधी) घोषित किया जाए ताकि वे किसी भी हाल में कानून से बच न सकें। शादी की सीसीटीवी व वीडियो फुटेज के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई है। इस पर एसपी ने बताया कि पुलिस सभी एंगलों से जांच कर रही है।




चंडीगढ़। डीजीपी आवास पहुंचे खाप व पंचायत प्रतिनिधि। (रोहित धनखड़)

### अब रोजाना होगी केस की निगरानी

डीजीपी ने एसपी को यह भी निर्देश दिए कि रोहित धनखड़ के परिवार की सुरक्षा के लिए तुरंत पुलिस जिप्सी तैनात की जाए ताकि परिवार की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही हरियाणा लॉ एंड ऑर्डर के आईजी कुलदीप सिंह ने भी परिवार को आश्वासन दिया कि वे हर दिन एसपी से इस केस की प्रगति की जानकारी लेते रहेंगे। वहीं, प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वे रोहतक जाकर इस बारे में अगली रणनीति बनाएंगे।

## हार्दिक राठी मामले में लोकसभा अध्यक्ष से मिलकर दीपेंद्र हुड्डा ने की मांग


# एमपी लैड्स की ग्रांट स्टेडियम में न लगाने की हो जांच, नए नियम बनें

- रोहतक में 25 नवंबर को बॉस्केटबॉल पोल गिरने से हुई थी हार्दिक राठी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

सांसद दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी की मौत के मुद्दे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले और उन्हें परिवार की तरफ से दायर एफआईआर से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खेल स्टेडियम की दुर्दशा के कारण उन्होंने 3 साल पहले अपने एमपी कोटे से साढ़े 18 लाख रुपये दिए, जो लगाए नहीं गए और अधिकारी फाइलें घुमाते रहे। इसकी वजह से राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी को अपनी जान गंवानी पड़ी।

स्टेडियम की मरम्मत के लिए उनकी सांसद निधि से दिए गए साढ़े 18 लाख रुपये खर्च नहीं करने के पीछे अफसरों की आपराधिक लापरवाही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने मांग की कि सदन के संरक्षक के रूप में स्पीकर इस मामले का संज्ञान लें और आगे कार्रवाई करें। देश में एमपी कोटे के क्रियान्वयन के लिये नए दिशा-निर्देश और नियम बनाएं ताकि स्थानीय अफसरों की जिम्मेदारी तय हो सके। सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में जयप्रकाश जेपी व सांसद वरुण मुलाना मौजूद रहे। लोकसभाध्यक्ष को दिए पत्र में दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि रोहतक के लाखनमाजरा गांव के स्पोर्ट्स स्टेडियम में 25 नवंबर को प्रैक्टिस के दौरान 16 साल के राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी के ऊपर जर्जर बॉस्केटबॉल पोल गिरने से उसकी मौत हो गई थी। इस स्टेडियम में मेरे द्वारा दी गई ग्रांट नहीं लगाई गई।



रोहतक। लोकसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हरियाणा के कांग्रेस सांसद।

### एमपी लैड्स पर राष्ट्र स्तरीय बैठक बुलाएंगे

सांसदों के प्रतिनिधिमण्डल की मांग पर लोकसभाध्यक्ष ने तुरंत इस विषय का संज्ञान लेते हुए एमपी लैड्स कमेटी के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी को तलब किया और निर्देश दिया कि स्पीकर की अध्यक्षता में जल्द एक राष्ट्रीय बैठक बुलाई जाए, जिसमें देश भर के सांसदों को आमंत्रित किया जाए। उस बैठक के माध्यम से एमपी लैड के क्रियान्वयन के लिए नए दिशा-निर्देश व नियम बनाए जाएंगे ताकि देश में सांसद निधि के क्रियान्वयन में देरी के लिए जवाबदेही तय हो सके। स्पीकर ने निर्देश दिए कि रोहतक डीसी से बात करके इस मामले की जांच कराकर रिपोर्ट लोकसभाध्यक्ष को सौंपी जाए।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के लालच में कारोबारी ने गंवाए 1.31 करोड़

### 20 हजार निवेश करने के बाद मोटे मुनाफे के लालच में हुई ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर अंबाला कैंट के न्यू रामनगर के मनमीत सिंह के साथ करीब एक करोड़ 31 लाख 25 हजार 150 रुपये की धोखाधड़ी की गई। शातिर ने मोटे मुनाफे का लालच देकर झांसे में लिया। धीरे-धीरे पैसे लगवाने लगा। आखिर में जब पैसे मांगे तो धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित मनमीत सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मनमीत सिंह ने बताया कि वह इलेक्ट्रिकल का काम करते हैं। 25 जून को उनके व्हाट्सएप पर एक व्यक्ति ने संपर्क कर व्यापार में निवेश यानी ट्रेडिंग के बारे में जानकारी दी। उसके झांसे में आकर कुकाइन नामक एप डाउनलोड कर ली। आरोपी ने एक यूआइडी तैयार करवाई। बाद में उसे मिंगकाइन नामक एक अन्य मंच की कड़ी भेजी, उसे खोलते ही खाता बन गया। साइबर ठग रमेश ने यूपीआई के माध्यम से 20 हजार रुपये जमा करवाए जिसके बाद खाते में यूएसडीटी नामक एकाई में रकम दिखने लगी। धीरे-धीरे रमेश ने लाभ दिखाते हुए व अधिक राशि भेजने के लिए दबाव बनाया।

### इस तरह धोखाधड़ी

पीड़ित मनमीत सिंह का आरोप है कि आरोपी रमेश व अन्य ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के नाम पर फर्जी दस्तावेज भेजकर मंच को वैध बताया। एक नकली दैनिक निवेश समूह में जोड़ दिया। इसमें अन्य व्यक्ति भी जुड़े थे। ऐसे में विश्वास दिलवाया कि उनके अलावा भी इस ग्रुप में जुड़े हुए हैं। इसके बाद कई दिनों तक झांसे में लेकर विभिन्न बैंकों के खातों व यूपीआई के जरिये लाखों रुपये डलवाने शुरू कर दिए। शुरुआत में 20 हजार रुपये तो बाद में मुनाफे का लालच देते हुए 36 लाख रुपये तक की कई बार राशि डलवाई। इस तरह से एक करोड़ 31 लाख 25 हजार 150 रुपये की धोखाधड़ी की। बाद में जब मिंगकाइन मंच से धन निकालने का प्रयास किया तो निवेदन बार-बार अस्वीकृत कर दिया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म पर आजीवन कारावास

**नारनौल।** जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट, पॉक्सो केपी सिंह की अदालत ने मंगलवार को नांगल चौधरी थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ हुए जघन्य दुष्कर्म के मामले में आरोपित विक्रम को दोषी करार दिया और उसे शेष प्राकृतिक जीवन के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने दोषी विक्रम को धारा छह पॉक्सो एक्ट के तहत अंतिम सांस तक जेल में रहने के साथ एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके अतिरिक्त भारतीय न्याय संहिता की धारा 351 (3) के तहत उसे दो साल की कठोर कैद और पांच हजार रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। अदालत ने आदेश दिया है कि पीड़ित परिवार को छह लाख रुपये की आर्थिक मुआवजा राशि प्रदान की जाए।

मामला 9 मई का है, जब नांगल चौधरी क्षेत्र के एक गांव में दोषी विक्रम ने नाबालिग बच्ची को उस समय बहला फुसलाकर घर बुला लिया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी।

## अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूल आज से भर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन-पत्र

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सेकेण्डरी/सीनियर सेकेण्डरी (नियमित) एवं गुरुकुल/विद्यापीठ वार्षिक परीक्षा मार्च-2026 हेतु अराजकीय अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर 10 दिसम्बर, 2025 से ऑनलाइन आवेदन-पत्र लाइव किये जा रहे हैं।

बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर एवं सचिव शमुनीश शर्मा ने बताया कि वार्षिक परीक्षा मार्च-2026 के लिए 10 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक बिना विलम्ब शुल्क, 19 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक 100 रुपये विलम्ब शुल्क सहित, 23 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक 300 रुपये विलम्ब शुल्क सहित तथा 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर, 2025 तक 1000 रुपये विलम्ब शुल्क सहित ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने सभी सम्बन्धित विद्यालय के मुखियाओं को निर्देश देते हुए कहा कि जिन परीक्षार्थियों के ऑनलाइन आवेदन भरे जाने हैं, उनके विवरण विद्यालय रिकार्ड अनुसार सही हों।

## सिरसा में एक करोड़ रुपये की हेरोइन पकड़ी, तीन तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने सिरसा क्षेत्र से एक करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम उप निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में रानियां थाना क्षेत्र के गांव बणी की तरफ जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक कार का पीछा कर उससे 261 ग्राम 64 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की। तस्कर की पहचान गुरमीत सिंह निवासी सिरसा के रूप में हुई है। वहीं, सीआईए ऐलनाबाद की पुलिस टीम ने एमसी कॉलोनी के पास नाकांबदी कर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को पकड़ा। चालक गुरमेल सिंह निवासी अबूबशहर, सिरसा व हरदेव सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह निवासी साहलिबाला हाल सिलवाला राजस्थान के कब्जे से 263 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। सिरसा पुलिस ने दोनों मामलों में करीब एक करोड़ रुपए की 524 ग्राम 64 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि उक्त हेरोइन रानियां, ऐलनाबाद, सिरसा तथा इसके आसपास क्षेत्रों में सप्लाई की जानी थी।

हरियाणा सरकार




# सुरक्षित फसल, सुरक्षित खलिहान फसल बीमा है किसानों के लिए वरदान

बीमा करवाने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर, 2025

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

- मौजूदा रबी 2025-26 सीजन में गेहूं, चना, सरसों, जौ व सूरजमुखी फसलों का बीमा।
- किसान द्वारा देय प्रीमियम गेहूं, चना, सरसों, जौ व सूरजमुखी के लिए बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत है तथा शेष प्रीमियम का भुगतान राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा किया जाएगा।

### फसलवार प्रति एकड़ बीमित राशि तथा किसान द्वारा देय प्रीमियम राशि

(राशि रुपये/एकड़ में)

| क्रम संख्या | फसल | बीमित राशि | किसान द्वारा देय प्रीमियम राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | गेहूं | 32523.80 | 487.86 |
| 2. | चना | 15986.31 | 239.79 |
| 3. | जौ | 20727.21 | 310.91 |
| 4. | सरसों | 21829.57 | 327.44 |
| 5. | सूरजमुखी | 22050.13 | 330.75 |

- बेमौसमी बारिश, ओलावृष्टि व जलभराव से खड़ी फसल में नुकसान होने पर क्लेम खेत स्तर पर देय।
- गांव में किसी फसल की औसत पैदावार पूर्व निर्धारित पैदावार से कम होने पर क्लेम गांव के सभी बीमित किसानों को।
- फसल कटाई के 14 दिनों के अन्दर फसल में नुकसान होने पर भी क्लेम खेत स्तर पर देय (जो फसल सूखने के लिए खेत में रखी हो)।

**सभी किसानों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी फसलों का बीमा करवायें।**

अधिक जानकारी के लिए केन्द्र सरकार द्वारा जारी कृषि रक्षक पोर्टल व हेल्पलाइन नं.14447 अथवा अपनी बैंक शाखा या बीमा कम्पनी से सम्पर्क करें।

योजना का पूरा विवरण कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की वेबसाइट www.agriharyana.gov.in पर उपलब्ध है।



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
जिला कृषि उप-निदेशक

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

